कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन में यूपी पहले स्थान पर

लखनऊ। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित ग्लोबल रीइंवेस्ट 2024 समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी देखी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री को बताया कि कंप्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देशभर में पहले स्थान पर है। इस क्षेत्र में स्थापित 24 परियोजनाओं से

पीएम ने देखी यूपीनेडा की प्रदर्शनी

उत्पादन शुरू हो गया है और 93 परियोजनाएं निर्माणाधीन है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यूपीनेडा की ओर से चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना में 25 लाख घरों पर सोलर लगाए गए हैं। अब तक 4230 मेगावाट के सौर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। महाराजगंज, श्रावस्ती, बलरामपुर, कुशीनगर, बहराइच, गोंडा में जहां बिजली नहीं जा पाई, वहां के 10 हजार घरों को दो साल में सोलर ऊर्जा से रोशन किया गया। अयोध्या में 40 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट स्थापित है और अयोध्या अब सूर्य नगरी बन चुकी है।

ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में तथा बायो एथेनॉल के क्षेत्र में भी परियोजना लगाने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश बायोएथेनॉल में देश का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य बन गया है। ब्यूरो